हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, गुरुवार 30 अप्रैल 2026



# डोंगरगढ़ के मुसरा में फिर पकड़ी गई बॉटलिंग यूनिट, 27 पेटी एमपी की शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

करीबन सालभर पहले जिले के डोंगरगढ़ इलाके में शराब की अवैध बॉटलिंग यूनिट का मामला सामने आने के बाद अब फिर से उस इलाके में ही दूसरी बॉटलिंग यूनिट का पर्दाफाश किया गया है। इस बार डोंगरगढ़ के मुसरा क्षेत्र में एक बॉटलिंग यूनिट का मामला सामने आया है, जहां एक बंद घर से 27 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित शराब के साथ ही छत्तीसगढ़ की खाली बोतल एवं ढक्कन बरामद किए गए हैं। हालांकि इस मामले में कोई भी आरोपी गिरफ्तार नहीं हो पाया है। प्रशासनिक सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगढ़ ब्लॉक के मुसरा क्षेत्र के समीप स्थित कटली ग्राम का यह मामला है, जहां गांव से बाहर एक बंद घर पर यह पूरा अवैध कारोबार संचालित किया जा रहा था।

आबकारी विभाग को उनके सूत्रों से जानकारी मिली थी कि इस परिसर में अवैध तरीके से शराब का कारोबार किया जा रहा है, जिस पर एक्शन लेने टीम गठित कर आबकारी महकमे ने बुधवार को वहां दबिश दी थी। दबिश में पाया गया कि उक्त घर का ताला बंद था और मौके पर कोई भी व्यक्ति वहां मौजूद नहीं था। ऐसे में ताला तोड़कर भीतर जाकर टीम ने जांच पड़ताल करने के बाद अवैध बॉटलिंग यूनिट का खुलासा हुआ।

### टीम को देखकर भागा आरोपी

मौके पर एक्शन के लिए पहुंची टीम से मिली जानकारी के अनुसार घर पर ताला लगे होने की वजह से उसे तोड़कर भीतर जांच की गई। इस दौरान देखा गया कि वहां से आरोपी चंद्रकांत सेन टीम को देखकर जंगल की तरफ भाग रहा था। टीम के सदस्यों ने उसका पीछा किया, परन्तु वहां व्यक्ति जंगल के भीतर चला गया। जिससे उस तक टीम नहीं पहुंच पाई। हालांकि अब टीम इस पूरे मामले में शामिल लोगों का पता लगाने में जुट गई है।



### गांव से बाहर था घर

टीम से मिली जानकारी के अनुसार जिस घर में यह अवैध बॉटलिंग यूनिट का संचालन किया जा रहा था, उसे लोगों से छिपाकर रखने का पूरा प्रयास किया जाता था। यही कारण था कि गांव से बाहर खाली इलाके में यह मकान बनाया गया था। इस मकान में एक बड़ा हॉल था, जहां ही स्टॉक रखने के साथ ही बॉटलिंग का काम होता था। हालांकि मौके पर टीम को कोई मशीन नहीं मिली है।

### एमपी की शराब, छग की बोतल-ढक्कन

सालभर पहले करवारी में हुई कार्रवाई में देखने को मिला था। इसमें भी उसी तरह ही एमपी से शराब की भरी हुई बोतल लाई गई थी। वहीं उसे खाली कर छत्तीसगढ़ की बोतल में डालने के लिए बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ निर्मित देशी शराब की खाली बोतले एवं ढक्कन भी मौके से मिला है। इस मामले में एफआईआर दर्ज कराई जा रही है।

## विद्यार्थियों में उत्साह, मेरिट में आने से सिर्फ 1 नंबर से पीछे रही छात्रा

# पिछले साल के मुकाबले इस बोर्ड परीक्षा में 20% अधिक बच्चे पास

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

माध्यामिक शिक्षा मंडल ने बुधवार को दसवीं एवं बारहवीं बोर्ड के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। दोपहर बाद जारी किए गए परिणाम के अनुसार जिले में इस बार पिछले साल के मुकाबले बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला है, जहां 12वीं में पिछले सत्र से पांच फीसदी अधिक बच्चे इस बार पास हुए हैं। वहीं 10वीं में 20 प्रतिशत अधिक परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। हालांकि इस बार भी जिले का कोई भी छात्र प्रदेश की मेरिट सूची में स्थान हासिल नहीं कर पाया।

शिक्षा विभाग से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 12वीं कक्षा में 82.25 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। वहीं दसवीं कक्षा में यह आंकड़ा 89.41 फीसदी रहा है। वहीं ज्ञात हो कि इस बार बोर्ड कक्षाओं में प्रदर्शन सुधारने के लिए विभाग ने अपने स्तर पर कई अभियान भी चलाए थे। जिनमें ऑनलाइन कक्षाएं लगाई गई थी। होनहार एवं प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आवासीय कोचिंग की व्यवस्था की गई थी। जिले में अनुभवी मेंटर्स द्वारा सभी स्कूलों के विद्यार्थियों एवं विषय विशेषज्ञों से व्यक्तिगत शैक्षणिक सहायता, पाक्षिक परीक्षा एवं समीक्षा के जरिये बोर्ड परीक्षा के लिए तैयारी कराने के साथ ही कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रयास करने ब्लूप्रिंट के आधार पर प्रश्न बैंक तैयार कर तैयारी कराई गई। इसके अलावा कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम संचालित किए गए। जिससे भी विद्यार्थियों को मदद मिली।



### 10वीं में उपमा, 12वीं में गजेंद्र जिले में अव्वल

जिला स्तर पर जारी की गई मेरिट सूची के अनुसार दसवीं कक्षा में एलबी नगर शाला की छात्रा उपमा सिन्हा पिता लोकेश सिन्हा ने 97.17 प्रतिशत अंक के साथ प्रथम स्थान हासिल किया। सलौनी स्कूल की इशा वर्मा पिता पवन वर्मा ने 96.17 प्रतिशत के साथ दूसरा एवं बोरी स्कूल के दीपविजय गेन्ड्रे पिता गोतीलाल गेन्ड्रे ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। 12वीं कक्षा में सुरगी शासकीय शाला के गजेंद्र पिता हेमंत कुमार ने 95.60 प्रतिशत के साथ पहला, स्टेट स्कूल के भुपेंद्र चंदेल पिता मधु कुमार चंदेल ने 94.60 फीसदी अंक के साथ दूसरा एवं डिलापहरी शासकीय स्कूल की साक्षी वर्मा पिता भिकेश्वर वर्मा ने 94.40 प्रतिशत के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया है।

### प्रथम श्रेणी में आने वाले भी बढ़े

इस बार जिले के विद्यार्थियों का बोर्ड परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन देखने को मिला है। दसवीं कक्षा में इस बार जिले के 5614 बच्चे प्रथम श्रेणी में आए हैं, जो पिछले साल 3908 से लगभग 17 सौ अधिक है। वहीं द्वितीय श्रेणी में भी इस बार 4213 बच्चे आए हैं, जो पिछले साल से 303 अधिक हैं। ऐसे ही 12वीं कक्षा में इस बार प्रथम श्रेणी में 4888 बच्चे आए हैं, जो पिछले साल 3842 के आंकड़े से 1046 अधिक है। वहीं द्वितीय श्रेणी में 3006 बच्चे आए हैं।

### 89 फीसदी बच्चे पास

जिले से इस बार 10वीं कक्षा में कुल 11433 बच्चे परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें 89.41 प्रतिशत बच्चे पास हुए है, जो पिछले साल 68.78 से लगभग 20.65 प्रतिशत अधिक है। वहीं 12वीं कक्षा में 9185 बच्चे बोर्ड परीक्षा में शामिल हुए थे। जिसमें से 87.56 प्रतिशत बच्चे पास हुए हैं। पिछले साल के 82.25 प्रतिशत से 5.31 फीसदी अधिक है।

### गर्म हवाओं से पसर रहा सन्नाटा

राजनांदगांव। अप्रैल माह के अंतिम दिनों भीषण गर्मी का दौर जारी है। दोपहर से देर शाम तक गर्म हवाओं का वातावरण निर्मित है। शहर व ग्रामीण इलाकों में दोपहर को सन्नाटा पसरने लगा है। देर शाम ही चहल-पहल की स्थिति बन पा रही है। गर्मी से राहत पाने लोग शाम के बाद शहर के गार्डन में समय बिताते देखे जाने लगे हैं।




# डीजे में डांस करने के दौरान विवाद, युवक की हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बारात के दौरान डांस करते समय धक्का लग जाने का विवाद इतना गहराया कि एक युवक पर चाकू से हमला कर उसकी हत्या कर दी गई। इस मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की है।

डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी मंगलेश सिन्हा 42 वर्ष निवासी रामटोला द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 26 अप्रैल को ग्राम रामटोला में ग्राम सांकरा जिला खैरागढ़ से बारात आई हुई थी। रात्रि लगभग 8.15 बजे बारात ग्राम में भ्रमण कर रही थी। जिसमें डीजे पर बाराती और गांव के लोग डांस कर रहे थे। पुलिस के मुताबिक घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केशरीनंदन नायक के पर्यवेक्षण में त्वरित कार्रवाई करते आरोपियों की पता तलाश कर तत्काल पकड़ा गया। प्रकरण में जांच पर कृपाला वर्मा 25 वर्ष द्वारा विधि से संघर्षरत बालक को घटना के दौरान चाकू देकर अपराध में सहयोग करते हुए संलिप्तता पाए जाने पर गिरफ्तार किया गया।

### पुरानी रंजिश पर हुआ विवाद

इसी दौरान योनिश सिन्हा और विधि से संघर्षरत बालक के बीच पुरानी रंजिश को लेकर धक्का-मुक्की और वाद-विवाद हुआ। विवाद के दौरान विधि से संघर्षरत बालक ने आरोपी कृपाला वर्मा द्वारा दिए गए धारदार हथियार से योनिश सिन्हा पर वार किया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई, जिसे परिजनों एवं गांव वालों द्वारा घायल को तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसे इलाज के दौरान मृत घोषित कर दिया गया। घटना के दौरान बीच-बचाव करने आए रेमन देवांगन एवं युवराज यादव पर भी अपचारी ने हमला किया, जिस पर उनको भी चोंटे आई। उक्त घटना की रिपोर्ट पर धारा 103(1), 109 बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### माय एंगल









## खबर संक्षेप



### समर कैम्प में छात्राओं ने सीखा चित्रकला

**सड़क अतरिया।** प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला पथरी में बीते दिवस एक दिवसीय समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने चित्रकला सीखा। प्रशिक्षक हेमंत पटेल ने चित्रकला के संबंध में प्रमुख जानकारी दी। इस अवसर पर प्रधान पाठक माधुरी भुवाल, शिक्षक उगेश जंघेल, संतराम देवांगन, छात्र नंदिता साहू, दीक्षा वर्मा, लाकेश्वरी, गुंजन, कुलेश्वरी, नंदनी, रूपेंद्र आदि मौजूद थे।

### चकनार में भागवत कथा का वाचन



**सड़क अतरिया।** चकनार में साहू परिवार एवं ग्रामीणों के सहयोग से भागवत कथा का आयोजन किया गया है। मंगलवार को महिला एवं बालिकाओं ने कलश यात्रा निकाला। इसके पश्चात कथा का शुभारंभ हुआ। कथा में संध्या वंदन, गौकरण हिरणक्ष्य वध एवं सृष्टि वर्णन बताया गया। बुधवार को ध्रुव चरित्र एवं कपिल चरित्र पर प्रकाश डाला गया। कथा वाचक भूपेन्द्र पांडेय है।

### गर्ग विद्यालय में परीक्षा परिणाम आज

**सड़क अतरिया।** गर्ग विद्यालय खैरा नवापारा में कल गुरुवार को स्थानीय कक्षाओं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाएंगे। प्रातः साढ़े 8 बजे मां सरस्वती की पूजा अर्चना के बाद प्राचार्य द्वारा परिणाम घोषित किया जाएगा। छात्रों को प्रगति पत्रक प्रदान किया जाएगा। शाला परिवार ने छात्र एवं पालकों से उपस्थित की अपील की है।

## निधन

### भीमराव भावते

**कल्लूबंजारी।** उच्चतर माध्यमिक



विद्यालय बूचाटोला के सेवानिवृत्त प्रभारी प्राचार्य भीमराव भावते का मंगलवार को निधन हो गया। श्री भावते ने विभिन्न स्कूलों में अपनी सेवाएं दी। श्री भावते अपने पीछे पत्नी, पुत्र विशेष भावते, योगेश भावते सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम घोंटिया में किया गया।

### हरिकुमार जैन

**डोंगरगांव।** दिगम्बर जैन समाज के वरिष्ठ सदस्य और अटल आवास निवासी हरि कुमार जैन का 29 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया है। वह नवीन कुमार जैन रिंकू के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। सामाजिकजनों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

### हैण्डपंप और कुओं का जल स्तर कम हुआ

# बेलगांव में सरकारी योजनाएं फेल, गहराया जल संकट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

गर्मी बढ़ने के साथ ग्रामीण इलाकों में जल संकट गहराते जा रहा है। जल संबंधी योजनाओं के फेल होने से समस्या गंभीर होते जा रही है। सरकार की महत्वाकांक्षी नल जल योजना दम तोड़ते नजर आ रही है। लाखों खर्च करने के बाद में लोग पेयजल के लिए भटक रहे हैं। क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक ऐसे गांव हैं जहां नल जल योजना के तहत लाखों की लागत से पानी टंकी का निर्माण एवं पाईप लाईन का विस्तार किया जा रहा है। कहीं बीते चार साल से निर्माण अधूरा है, तो कहीं टंकी निर्माण के बाद पाईप लाईन पूरा नहीं हो पाया है। पानी टंकी में लिकेज की समस्या भी देखी जा रही है।

ग्राम पंचायत खैरा नवापारा के आश्रित ग्राम बेलगांव में लगभग 80 लाख की लागत से पानी टंकी एवं पाईप लाईन का विस्तार प्रस्तावित है। यह कार्य चार साल से निर्माणाधीन है। कतिपय कारण से पानी टंकी का निर्माण नहीं हो सका है। वहीं पाईप लाईन विस्तार कार्य भी शेष है। ग्रामीणों को बोर से पेयजल सप्लाई का प्रयास किया गया परन्तु जल की कमी के कारण यह प्रयास भी विफल हो गया है।

## तालाब सूखने से मवेशी आए दिक्कत में



### आधा किलोमीटर दूर से जलापूर्ति

लगभग एक हजार की आबादी वाले इस गांव में करीब आधा दर्जन हैंडपम्प और कुआं है। सभी की स्थिति गंभीर है। ग्रामीणों ने बताया कि गर्मी शुरू होने से पहले ही जल समस्या गहराने लगी थी। लोग गांव से आधा किलोमीटर दूर सार्वजनिक एवं निजी बोर से पानी लाकर गुजर बसर कर रहे हैं। तालाब में पानी कम होने बाद नहाने एवं मवेशियों के लिए भी गंभीर समस्या खड़ी हो गई है।

# आत्मानंद स्कूल में सृष्टि, राजेन्द्र प्रथम

### बोर्ड परिक्षा में हिन्दी माध्यम में बेटियों ने मारी बाजी





हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगांव

स्थानीय पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय में दसवीं एवं बारहवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 12 वीं अंग्रेजी माध्यम के विज्ञान संकाय मे सृष्टि साहू ने 89.6 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, प्रेमलता ने 87.6 फीसदी अंक हासिल कर द्वितीय एवं विशा ठाकुर ने 87.4 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया । वाणिज्य संकाय में राजेंद्र कुमार 73.4 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम, अंजली रामटेके एवं माही जैन ने 72.4 प्रतिशत अंक हासिल कर द्वितीय एवं अनुष्का वैष्णव ने 71.6 प्रतिशत अंक हासिल कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।

अंग्रेजी माध्यम की कक्षा दसवीं में प्रवीण कुमार साहू ने 93.83 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, याना मानिक 93.66 ने द्वितीय एवं लोकश्वी नेताम ने 93.16 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं अंग्रेजी माध्यम के 4 विद्यार्थी प्रवीण साहू, रेशिका वर्मा, ओम गुप्ता, लोकश्वी नेताम ने गणित में शत प्रतिशत अंक हासिल किए। गणित व्याख्याता संदीप कुमार वर्मा एवं चोवन नेताम ने सभी बच्चों को बधाई दी है।

### हिन्दी माध्यम में चांदनी प्रथम

हिंदी माध्यम की कक्षा 12 वीं विज्ञान संकाय में चांदनी ने 86.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, कोमलिका ने 86 प्रतिशत अंक के साथ द्वितीय, गायत्री ने 75.4 फीसदी अंक अर्जित कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार वाणिज्य संकाय में मीनाक्षी ने 86.4 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, गीताजंली ने 77.4 फीसदी अंक के साथ द्वितीय स्थान एवं इंद्राणी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में डोमेश्वरी प्रथम, अंबिका द्वितीय एवं सोनिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा दसवीं हिंदी माध्यम में मनीषा साहू 93.66 प्रतिशत अंक अर्जित कर प्रथम, कौशल्या पटेल 91.5 फीसदी अंक अर्जित कर द्वितीय एवं सभ्यता साहू ने 87.5 प्रतिशत अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी कामयाब बच्चों को प्राचार्य भरतलाल देवांगन, व्याख्याता राजेंद्र गणवीर, स्वाती वर्मा, तौफीक रजा आदि ने बधाई दी है।

### पृथ्वी दिवस मनाया

**तुमड़ीबोड़।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिलईरवार में यूथ एवं इको क्लब ने विश्व पृथ्वी दिवस मनाया गया। प्राचार्य विजय कुमारन अय्यर ने कहा कि संपूर्ण विश्व में पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जनजागरूकता के उद्देश्य से पृथ्वी दिवस मनाया जाता है। व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू ने बताया कि 22 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व पृथ्वी दिवस आज वैश्विक स्तर पर पर्यावरण संरक्षण का बड़ा प्रतीक बन चुका है। जिसकी शुरूआत 1970 में अमेरिका से हुई थी। अनुराधा ढोक ने बताया कि हमें ग्लोबल वार्मिंग और जल संकट से बचना है तो अधिक से अधिक पौधारोपण और उसकी देखभाल करना चाहिए। पालकराम वर्मा ने कहा कि विश्व पृथ्वी दिवस का उद्देश्य जलवायु परिवर्तन प्रदूषण और जैव विविधता जैसी गंभीर पर्यावरणी चुनौतियों के प्रति जागरूकता प्रदान करना है। कार्यक्रम में सरोज भुआर्य, रेखा मुरकुटे, पालकराम वर्मा, जितेंद्र कश्यप, राजेश नेताम, हरिचंद यादव, रिचा चंद्राकर, हेमीन ठाकुर, दानेश्वर साहू, मेघनाथ यादव आदि उपस्थित थे।

# रसोई गैस की किल्लत, गांवों में बढ़ी केरोसिन की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्रामीण इलाकों में एलपीजी गैस की किल्लत होने से चूल्हों की उपयोगिता बढ़ गई हैं। घरों के अलावा होटल, ढाबों में भी चूल्हा जलने लगा है परन्तु आग जलाने के लिऐ केरोसीन नहीं मिलने से लोग परेशानी का सामना कर रहें हैं। ग्रामीणों ने बताया कि डेढ़ से दो माह में एक टंकी मिल रही है। ऐसे में ग्रामीण खाना पकाने के लिए चूल्हों का उपयोग कर रहे हैं परन्तु केरोसीन नहीं मिल रहा है।

जानकारी अनुसार सरकारी उचित मूल्य की दुकानों में मिट्टी तेल नहीं मिलने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। वनांचल में अब तक ऐसे बहुत से परिवार है तो भोजन पकाने के लिए लकड़ी, कंडा का उपयोग करते हैं। रौशनी के लिए चिमनी, लालटेक का सहारा लेते हैं जिसके लिए केरोसीन की आवश्यकता होती है। वर्तमान में कहीं भी मिट्टी तेल की उपलब्धता नहीं है। उचित मूल्य दुकान में लोग हर माह मिट्टी तेल के लिए पहुंचते हैं पर उपलब्ध नहीं होने से खाली हाथ लौटना पड़ता है।

गांव के मोहन, ननहऊ राम, बिमला, बलीराम, बैसाखु आदि ने बताया कि चूल्हा जलाने, तथा चिमनी जलाने आदि के लिए मिट्टी तेल की जरूरत होती है पर नहीं मिलने पर परेशानी हो रही है। जानकारी अनुसार चकनार, संडी, मानपुर, खैरबना, घिरघोली सहित अन्य गांव की उचित मूल्य की दूकान में लम्बे समय से मिट्टी तेल उपलब्ध नहीं है। दुकान संचालक बताते है कि मिट्टी तेल के दाम बढ़ने के बाद से इसकी मांग कम हो गई थी। हर मांग कुछ ग्रामीण मिट्टी तेल लेने आते हैं पर विभाग से उपलब्ध नहीं होने के कारण वितरण नहीं किया जा रहा है।

# ट्रेजरी किया खैरागढ़ में मर्ज, बढ़ी नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रशासन के एक फैसले ने नगर में उबाल ला दिया है। प्रशासन ने ट्रेज़री से अधिकार छीनकर छुईखदान को सिर्फ रबर स्टाम्प बनाकर छोड़ दिया है। प्रशासन का यह फैसला जनता के अधिकारों पर हमला है, जिसे लोग बर्दाश्त करने के मूड में नहीं दिखाई दे रहे है। इस फैसले के बाद लोगों को स्टाम्प, ज्यूडिशियल-नॉन ज्यूडिशियल, कोर्ट फीस और नोटरी टिकट आदि के लिए खैरागढ़ के चक्कर काटना पड़ रहा है। गरीब, किसान और ग्रामीण वर्ग इस फैसले से सबसे ज्यादा पीड़ित है, लेकिन प्रशासन को उनकी परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है।

### छोटे राजा ने किया विरोध



जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने इस निर्णय का कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने भाजपा नेताओं और जनप्रतिनिधियों पर निशाना साधते हुए कहा कि यह फैसला उनकी असफलता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार होती तो यहां जिला स्तर के कई कार्यालय संचालित होते लेकिन सत्ता परिवर्तन के बाद भाजपा सरकार ने सभी प्रमुख कार्यालय खैरागढ़ में केंद्रित कर दिए। अब छुईखदान के कार्यालयों को भी वहां मर्ज किया जा रहा है। उन्होंने सुविधाएं कम किए जाने पर आपत्ति जताते हुए कहा कि भाजपा नेताओं को क्षेत्र के विकास और अधिकारों के लिए ठोस प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फैसला वापस नहीं लिया गया, तो छुईखदान की जनता सड़कों पर आकर जवाब देगी।

### अनदेखी से नाराजगी

स्थानीय लोगों और जनप्रतिनिधियों ने बार-बार गुहार लगाई, आवेदन दिए, लेकिन प्रशासन ने सब कुछ नजरअंदाज कर दिया। जिसे लेकर नगर में गुस्सा साफ दिखाई दे रहा है। लोग इसे अपने हक पर हमला बता रहे हैं। हालात को देखते हुए कहा जा रहा है इसे लेकर बड़ा जनआंदोलन हो सकता है।

### खैरागढ़ में किया मर्ज

छुईखदान में स्थापित उप कोषालय को सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए जिला कोषालय खैरागढ़ में मर्ज कर दिया गया है। इस प्रक्रिया के तहत उप कोषालय से जुड़े अधिकांश दस्तावेज और सामग्री चुपचाप खैरागढ़ शिफ्ट कर दिया गया है। इस फैसले के बाद अब छुईखदान और आसपास के ग्रामीणों को रसीद टिकट और स्टाम्प पेपर आदि के लिए खैरागढ़ का रुख करना पड़ेगा, जिससे जनता को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

# व्याख्याता मसीह को दी गई ससम्मान विदाई



**चारभाठा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चारभाठा प्रांगण में विदाई समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में व्याख्याता सुश्री शैलजा मसीह को ससम्मान विदाई दी गई। सुश्री मसीह इस विद्यालय में वर्ष 2009 से पदस्थ थी। वह गत 31 मार्च को सेवानिवृत्त हो गई थी। बिदाई समारोह में पूरा गांव और शिक्षा जगत के लोग उमड़ पड़े, जो इस बात का प्रमाण था कि उन्होंने अपने कार्यकाल में दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर लोगों के दिलों में अमिट स्थान बनाया था।

उपस्थित जनसमूह और अतिथियों ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए यह स्वीकार किया कि उनके जाने से पैदा हुए शून्य को भरना आसान नहीं होगा। विकास खंड शिक्षा अधिकारी श्री श्रीनिवास मिश्रा, सरपंच अनीता अहिरवार सहित अन्य ने उनके व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष हनुमान दास साहू और अन्य ने कहा कि सुश्री मसीह ने प्रभारी प्राचार्य रहते हुए स्कूल को अग्रणी बनाया। इस अवसर पर गिरवर साहू, अशोक नेताम, उत्तम सिन्हा, घनश्याम साहू, चंद्रकांत सिन्हा, प्रभारी प्राचार्य आशीष दुबे, जनकलाल साहू, टेकराम वर्मा, शिवेंद्र सिंह आदि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# ठेकेदारों ने अधिकारी के खिलाफ खोला मोर्चा, कलेक्टर से शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

पीएचई ठेकेदार एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश जोशी एवं जिला अध्यक्ष संजय महोबिया के नेतृत्व में ठेकेदारों के प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर से मुलाकात कर कार्यपालन अभियंता की कार्यप्रणाली के विरुद्ध शिकायत की है।

प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि कार्यपालन अभियंता द्वारा कार्यों का डिमांड उच्च कार्यालय में नहीं भेजा जा रहा है तथा बार-बार नए नियम लागू कर बिलों को रोका जा रहा है जिससे ठेकेदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ठेकेदारों ने आरोप लगाया कि उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है। कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कार्यपालन अभियंता को ठेकेदारों की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए है। सीईओ जिला पंचायत को कार्यपालन अभियंता एवं ठेकेदारों की बैठक आयोजित कर समस्याओं के समाधान अधिकृत किया है।

कलेक्टर से मुलाकात के दौरान नितिन सिंह भाटी, संतोष मीणा, अयूब भाई, तरुण सिंह, लक्ष्मण सोनटके, अमन तिवारी, अयाशसिंह, बोनी, सलीम मेमन, कूची ताम्रकार एवं अभिजीत सिंह सहित अन्य उपस्थित थे। ठेकेदारों ने बताया कि संबंधित अधिकारी की कार्यशैली पूर्व से विवादित रही है। उनके विरुद्ध जनप्रतिनिधियों एवं उच्च अधिकारियों को शिकायतें की गई थीं।



### तबादले की मांग

ठेकेदारों ने कलेक्टर से मांग की कि उक्त अधिकारी का अन्यत्र स्थानांतरण प्रस्ताव शासन को भेजा जाए, ताकि जिले में विकास कार्यों एवं जल जीवन मिशन की प्रगति सुचारू रूप से हो सके।

# कॉलेज के 14 केमिस्ट्री छात्रों की इंटर्नशिप शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत सीतापुर (सरगुजा) कॉलेज के 14 रसायन विज्ञान (केमिस्ट्री) के विद्यार्थियों ने शासकीय दिग्विजय ऑटोनोमस स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में अपनी इंटर्नशिप प्रारंभ कर दी है। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों को व्यावहारिक ज्ञान एवं अनुसंधान आधारित शिक्षण से जोड़ने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास माना जा रहा है। इस इंटर्नशिप कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को आधुनिक प्रयोगशालाओं में कार्य करने का अवसर मिलेगा, जहां वे रसायन विज्ञान के विभिन्न उन्नत उपकरणों एवं तकनीकों से परिचित होंगे। कॉलेज के विशेषज्ञ प्राध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी न केवल सैद्धांतिक ज्ञान को व्यवहार में लागू करना सीखेंगे, बल्कि शोध पद्धतियों, डेटा विश्लेषण और प्रयोगात्मक कौशल में भी दक्षता प्राप्त करेंगे।

इस इंटरशिप के मेंटर डॉ. डाकेश्वर कुमार वर्मा के अनुसार इस प्रकार की इंटर्नशिप से छात्रों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ उनके करियर निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। वर्तमान प्रतिस्पर्धी युग में केवल सैद्धांतिक ज्ञान पर्याप्त नहीं है, बल्कि




व्यावहारिक अनुभव भी उतना ही आवश्यक हो गया है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते यह पहल की गई है। इंटर्नशिप के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों जैसे औषधीय रसायन, पर्यावरण रसायन तथा विश्लेषणात्मक तकनीकों पर कार्य करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। साथ ही उन्हें लघु परियोजनाएं भी दी जाएगी। जिससे उनकी शोध क्षमता का विकास हो सके।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता, रजिस्ट्रार दीपक परगनिहा एवं विभागाध्यक्ष कॉलेज ने विद्यार्थियों का स्वागत करते कहा कि यह कार्यक्रम दोनों संस्थानों के बीच शैक्षणिक संबंधों को और अधिक सुदृढ़ करेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को पूरी लगन एवं अनुशासन के साथ इंटर्नशिप का लाभ उठाने प्रेरित किया। सीतापुर कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. रोहित बरगाह एवं विद्यार्थियों ने भी इस अवसर को अपने लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

### उदयाचल में 30 को निःशुल्क शिविर

**राजनांदगांव।** उदयाचल हेल्थ एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट द्वारा आम नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 30 अप्रैल को निःशुल्क हड्डी एवं जोड़ जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष शिविर में एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल रायपुर के हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ डॉ. पंकज पटेल अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। शिविर का आयोजन गुरुवार को सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक किया जाएगा। शिविर में घुटनों का दर्द एवं अस्थिरता, कूल्हे के जोड़ का दर्द, पुराने एवं नए फ्रैक्चर, चलने-फिरने में कठिनाई तथा अन्य हड्डी एवं जोड़ संबंधी समस्याओं की जांच होगी। उदयाचल नेत्र चिकित्सालय के प्रभारी पद्मश्री डॉ. पुखराज बफना ने बताया कि एमएमआई नारायणा हॉस्पिटल के विभिन्न विशेषज्ञों की सेवाएं भविष्य में भी उदयाचल में उपलब्ध कराई जाती रहेगी।

### त्वरित समाधान से ग्रामीणों को राहत

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने मंगलवार को कलेक्टोरेट में आयोजित साप्ताहिक जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरता से सुना। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ त्वरित एवं नियमानुसार निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

कलेक्टर ने कहा कि आम नागरिक बड़ी उम्मीदों के साथ जनदर्शन में अपनी समस्याएं लेकर आते हैं, उनकी शिकायतों का समाधान समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से किया जाना अनिवार्य है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने आवश्यक कार्रवाई तत्काल करने के निर्देश दिए।



### राजस्व मामलों के दर्जनों आवेदन मिले

जनदर्शन में अतिक्रमण हटाने, सीमांकन, नामांतरण, नजूल प्रकरण, प्रधानमंत्री आवास योजना, राजस्व रिकॉर्ड दुरूस्ती, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्रत्येक आवेदन का अवलोकन कर विभागों को शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम. भार्गव उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# गौरीनगर से पहले स्टेशनपारा अंडरब्रिज का होगा निर्माण पूरा

# कई माह से बंद स्टेशनपारा अंडरब्रिज का निर्माण कार्य फिर से होगा शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

लगभग 16 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज का कार्य वर्षों से अधूरा पड़ा है। वर्ष 2023 में 1 अप्रैल से स्टेशनपारा रेलवे अंडरब्रिज का कार्य प्रारंभ किया गया था। जिसका निर्माण एक वर्ष के भीतर मार्च 2024 तक पूर्ण हो जाना था, लेकिन निर्माण अवधि के 2 साल बाद भी यहां पर अंडरब्रिज का महज 30-40 प्रतिशत ही काम दिखाई देता है। ऐसे में इसके बाद शुरू हुआ गौरीनगर अंडरब्रिज का कार्य लगभग 60 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है। वहीं अब लगातार स्थानीय नागरिकों के आंदोलन के बीच अंडरब्रिज निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ किया जा रहा है।

शहर के स्टेशनपारा और गौरीनगर अंडरब्रिज का अधूरा निर्माण कार्य लोगों के लिए समस्या बना हुआ है। गौरीनगर में अंडरब्रिज का निर्माण कार्य नहीं होने से फाटक पर काफी देर लोगों को जाम में खड़े रहना पड़ता है। वहीं स्टेशनपारा में भी निर्माण कार्य के चलते यहां पर रेलवे क्रॉसिंग को भी बंद कर दिया गया है और लोगों को ओवरब्रिज से आवागमन करना पड़ रहा है। यातायात के भारी दबाव के चलते ओवरब्रिज पर भी घंटों जाम लग जाता है। ऐसे में अब अंडरब्रिज का निर्माण कार्य गुरुवार से प्रारंभ किए जाने के लिए रेलवे के इंजीनियरों ने निरीक्षण किया है।



### रेलवे इंजीनियर ने किया निरीक्षण

अधूरे पड़े निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सांसद संतोष पांडे ने बताया कि रेलवे के इंजीनियरों ने मौके का निरीक्षण कर लिया है। रेलवे ट्रैक के नीचे जो काम होना है, वह स्टेशनपारा अंडरब्रिज पर गुरुवार से प्रारंभ हो जाएगा। सांसद ने कहा कि गौरीनगर से पहले स्टेशनपारा अंडरब्रिज बनेगा, फिर इसके बाद गौरीनगर का कार्य होगा।

### ट्रैक के नीचे का कार्य होगा शुरू

रेलवे ट्रैक के नीचे का कार्य रेलवे के इंजीनियरों की देखरेख में पूर्ण किया जाता है। ट्रैक के नीचे बॉक्स को रेट मीनिंग करके धीरे-धीरे खोदकर सरकाया जाता है, ताकि रेल यातायात भी सुचारू बना रहे और निर्माण कार्य भी पूर्ण हो। इसी कार्य के लिए रेलवे अंडरब्रिज का कार्य कई महीनों से बंद पड़ा हुआ है।

## सार समाचार

### मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति

**राजनांदगांव।** भाजपा के प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन में भाजपा शिक्षा प्रकोष्ठ, जिला राजनांदगांव की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है।



यह घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव के निर्देशन, प्रदेश संयोजक क्रांतिलाल जैन के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत की सहमति से जिला संयोजक दीपक कुमार सिन्हा द्वारा की गई। नई टीम में प्रशांत गुप्ता (राजे), बालकृष्ण सिन्हा और डॉ. उषा मिश्रा को सह-संयोजक की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं रूपम सोनछत्रा (सीए) को कोषाध्यक्ष और आकाश शर्मा (अक्की) को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है। संगठन को मजबूत करने पोखनलाल सिन्हा को कार्यालय प्रभारी एवं दिलीप श्रीवास्तव को कार्यालय सह-प्रभारी नियुक्त किया गया है। मीडिया क्षेत्र में रोहित सिन्हा को मीडिया प्रभारी तथा मौसमी शर्मा को सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है। साथ ही खिलेश्वर सिन्हा और ममता शर्मा को सोशल मीडिया सह-प्रभारी बनाया गया है।जिला कार्यसमिति में केके श्रीवास्तव, डीके तिवारी, नाथूराम सिन्हा, रमेश भोजवानी, टीकमलाल साव व अन्य कार्यकर्ताओं को शामिल किया गया है।

### अतिथि व्याख्यान आयोजित

**राजनांदगांव।** शा. दिग्विजय महाविद्यालय के कम्प्यूटर साइंस विभाग द्वारा प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन तथा कम्प्यूटर साइंस के विभागाध्यक्ष



प्रो. राजू खूंटे के मार्गदर्शन में डीप लर्निंग एंड इट्स ऍप्लिकेशन्स विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. सनत कुमार साहू सहायक प्राध्यापक (कम्प्यूटर साइंस), शा. व्ही.वाय.टी. स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दुर्ग उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को अमेज़ॉन रेकमेंडेशन सिस्टम, मशीन लर्निंग, न्यूरल नेटवर्कस इसके प्रकार, डीप लर्निंग तथा उसके ऍप्लिकेशन्स के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में एमएससी कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों के साथ रोहिणी सम्प्रिथ, पुरुषोत्तम केंवट, प्रियंका साहू, भूमिका, मोनिका निषाद की उपस्थिति रही।

### बसंतपुर में ई-केवाईसी शिविर आयोजित

**राजनांदगांव।** शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने रविवार को बसंतपुर वार्ड नं. 46 में विशेष ई-केवाईसी



शिविर का आयोजन किया गया। भाजयुमो के तत्वाधान में आयोजित शिविर में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रक्रिया पूर्ण कराई। शिविर का मुख्य उद्देश्य वार्ड की माताओं और बहनों को सहज और निःशुल्क ई-केवाईसी की सुविधा उपलब्ध कराना था।

आयोजकों ने बताया कि अक्सर ई-केवाईसी के लिए महिलाओं को केंद्रों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इस समस्या को दूर करने और योजना का लाभ सुनिश्चित करने वार्ड स्तर पर ही यह पहल की गई, ताकि कोई भी पात्र महिला लाभ से वंचित न रहे। यह शिविर पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, पूर्व महापौर मधुसूदन यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत और भाजयुमो अध्यक्ष चिंटू सोनकर के मार्गदर्शन में आयोजित हुआ। कार्यक्रम के मुख्य आयोजक भाजयुमो जिला मंत्री सुनील सेन एवं जिला मीडिया प्रभारी ओबीसी मोर्चा माधवराम साहू थे।

## निधन

### सोहन सिंह

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के सक्रिय सदस्य व रिटायर्ड जवान सोहन सिंह चौहान 45 वर्ष का बुधवार को निधन हो गया। वे अपने



पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उन्होंने भारतीय सेना में 17 साल अपनी सेवा दी। श्री चौहान जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के भी सक्रिय सदस्य रहे। बुधवार को उनके निज निवास जीवन-बी कॉलोनी से उनकी अंतिम यात्रा निकाली गई, जहां पर रिटायर्ड सैनिकों ने तिरंगा झंडा लपेट कर उनके पार्थिव शरीर को मुक्तिधाम के लिए सम्मानपूर्वक रवाना किया। श्री चौहान के दो पुत्र और एक पुत्री हैं। वे छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के पदाधिकारी अंकित सिंह चौहान के बड़े भाई थे। श्री चौहान के निधन पर जिला सैनिक कल्याण बोर्ड के रिटायर्ड सैनिक संघ ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है। गौरव स्थल पर संघ के रिटायर्ड सैनिक एकत्र होकर मृत आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखा। दूसरी ओर छत्तीसगढ़ राजपूत महासभा के पदाधिकारी ने भी मृत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### सोमनाथ ज्योतिर्लिंग दर्शन आज

**राजनांदगांव।** आर्ट ऑफ लिविंग परिवार राजनांदगांव द्वारा कल 30 अप्रैल को शाम 6 बजे से रॉयल किड्स स्कूल में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग का रूद्राभिषेक पूजन एवं सत्संग का आध्यात्मिक गुंजन एवं शंखनाद होगा।

पूज्य श्रीश्री रविशंकर के आशीर्वाद से भगवान भोलेनाथ के प्रथम सोमनाथ ज्योतिर्लिंग यात्रा का भारत वर्ष में पवित्र दर्शन हो रहा है। इसी यात्रा का शुभ आगमन राजनांदगांव में कल 30 अप्रैल को रॉयल किड्स स्कूल में होगा। बंगलौर आश्रम से सोमनाथ ज्योतिर्लिंग की सेवा में स्वामी प्रणवानंदजी द्वारा रूद्राभिषेक पूजन, सत्संग एवं दिव्य दर्शन का लाभ नगरवासियों को प्राप्त होगा। महापौर मधुसूदन यादव मुख्य यजमान होंगे।

इस आयोजन को सफल बनाने आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के बोहिता वरु, युगेश्वरी साहू, खिलेश्वरी साहू, शोभा चौरसिया, विवेक सिंह, नूपुर श्रीवास्तव, अशोक जैन, नंद पंजवानी, अनिल डुलानी, शशांक सोनी, नरेश पंजवानी, निमिशा ठक्कर, सुनीता अग्रवाल, माया अग्रवाल एवं अन्य कार्यकर्ता सेवा कर रहे हैं।

# बाल भारती स्कूल का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

बलदेव बाग स्थित बाल भारती पब्लिक स्कूल बल्देवबाग अंग्रेजी माध्यम में अध्ययनरत कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर शाला का नाम रोशन किया है।

जिसमें कक्षा 10वीं में प्रथम गुलशा शेख (90%), द्वितीय प्रियांशु देवांगन हिरवानी (85.4%), तृतीय पूर्वी ध्रुव (85%) रहे।

वहीं कक्षा 12वीं गणित संकाय में श्रीकांत मंडले विषय रसायन में (93) एवं गणित (93), विनीषा साहू रसायन विषय में (93), जीवविज्ञान (93) रहे। अनित देवांगन रसायन विषय में (94), गणित में (90), निखील दास रसायन विषय में (92), हेमांशी गढ़े रसायन विषय में (97), श्रेयश जेड़े रसायन विषय में (90), जीव विज्ञान में (91) रहे। इस प्रकार शत-प्रतिशत परिणाम देकर प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी शाला ने सफलता के एक और मुकाम को हासिल किया है।

### उज्जवल भविष्य की कामना

इस अवसर पर शाला की प्राचार्य श्रद्धा रेड्डी ने हर्ष व्यक्त करते कहा कि आज सफल विद्यार्थियों ने शिक्षा ग्रहण करने के साथ ही उसे आत्मसात करना भी आवश्यक है, जो हमारे विद्यार्थियों ने कर दिखाया। यह विद्यार्थी के जीवन का सबसे अदभूत क्षण होता है, जो उसके जीवन की दिशा निर्धारित करता है। इस अवसर पर बाल भारती पब्लिक स्कूल बल्देवबाग के अध्यक्ष तथागत पांडेय, सचिव नर्सिम्हा रेड्डी, कोषाध्यक्ष रितिका तिवारी एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# उत्कृष्ट योगदान देने वाले पुलिस कर्मी सम्म्मनित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा पार्रीनाला दरगाह में 21 से 25 अप्रैल तक आयोजित उर्स कार्यक्रम को शांति, सौहार्द्र एवं सुव्यवस्थित ढंग से सफलतापूर्वक संपन्न कराने वाले 200 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया



गया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक अलेक्जेंडर किरो, पुलिस अधीक्षक केपी मरकाम एवं एंब्रोस कुजूर विशेष रूप से उपस्थित रहे। सम्मानित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, कर्तव्यनिष्ठा एवं जनसेवा के प्रति समर्पण के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

# मंदिर ट्रस्ट ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

राजगामी संपदा की नवनियुक्त अध्यक्ष पूर्णिमा साहू रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष पद पर मनोनयन के पश्चात श्री बागेश्वर महादेव की पूजा-अर्चना एवं आशीर्वाद लेने बागेश्वर धाम मंदिर पहुंची। इस दौरान न्यास के नवनियुक्त उपाध्यक्ष मनोज निर्वाणी भी शामिल थे।

पूर्णिमा साहू ने मंदिर में दर्शन, पूजन व आरती कर आशीर्वाद लिया। उन्होंने अपने सफल कार्यकाल के लिए श्री बागेश्वर महादेव से कामना की। श्री बागेश्वर धाम मंदिर सेवक पंकज गुप्ता ने बताया कि दर्शन पूजन के पश्चात श्री बागेश्वर मंदिर धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा पूर्णिमा साहू को मंदिर का प्रतीक



चिन्ह, श्रीफल एवं बागेश्वर धाम का गमछा भेंट कर सम्मानित किया गया। उपाध्यक्ष श्री निर्वाणी का भी सम्मान किया गया।

समारोह में बागेश्वर धाम मंदिर के सेवादार संरक्षक शारदा तिवारी, पंकज गुप्ता, प्रज्ञा गुप्ता, मधु खंडेलवाल, लक्ष्मी गुप्ता, रामावतार जोशी, मोना गोसाई, जमुना देवी साहू, प्रेमा सोनकर, यशोदा गुप्ता, अजय गुप्ता, अनीता फ्रांसिस, एन. कुमारी, कंचन साकुरे सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# नारी शक्ति वंदन अधिनियम एक ऐतिहासिक पहल

- मानपुर में जिला स्तरीय महिला सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

मानपुर स्थित मंगल भवन में भाजपा जिला महिला मोर्चा द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम विषय पर जिला स्तरीय महिला सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह, डोंगरगांव नगर पंचायत अध्यक्ष अंजू त्रिपाठी एवं जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता मिश्रा की उपस्थिति रही।

इस अवसर पर अंजू त्रिपाठी ने कहा कि महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखने के पीछे कांग्रेस की सोच स्पष्ट रूप से दिखाई



देती है। जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष संगीता मिश्रा ने कहा कि महिला मोर्चा निरंतर महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य सविता सोरी, जिला पंचायत सदस्य रेखा कोठारी, कुंजलता हरमुख, किरण मंडावी भारती माहौर, पार्वती मानिकपुरी, ईश्वरी धुर्वे, लीना रावते, गोदावरी साहू, चेतना शर्मा, क्रान्ति गुप्ता, बसंता बघेल, कुसुमलता निषाद, सुरेखा मंडावी, तीजन मानिकपुरी, खोमिन साहू, कैलाश ठाकुर, बिसातीन कुलदीप समेत महिला मोर्चा की पदाधिकारी शामिल हुए।

### भाजपा महिलाओं के सम्मान के लिए प्रतिबद्ध : नम्रता

कार्यक्रम को संबोधित करते नम्रता सिंह ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है, किन्तु कांग्रेस पार्टी की नकारात्मक राजनीति एवं विरोध के कारण यह महत्वपूर्ण विधेयक पारित नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा महिलाओं के अधिकारों को लेकर केवल दिखावटी राजनीति की है। जबकि वास्तविक सशक्तिकरण के प्रयासों का विरोध किया है। भाजपा महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा एवं अधिकारों के लिए प्रतिबद्ध है और आगे भी इस दिशा में संघर्ष जारी रहेगा।

# नियुक्ति से बगावत, आधे से ज्यादा नेताओं ने दिया इस्तीफा

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

शहर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा बड़ी उम्मीदों के साथ जारी की गई पदाधिकारियों की विस्तृत सूची अब संगठन के लिए सिरदर्द बन गई है। सूची जारी होते ही जिस तरह इस्तीफों की लाइन लगी, उसने पूरे राजनीतिक माहौल को हिलाकर रख दिया। करीब 30 पदाधिकारियों में से आधे से ज्यादा ने सोशल मीडिया पर इस्तीफा पोस्ट कर दिया और देखते ही देखते कांग्रेस का अंदरूनी मामला पब्लिक तमाशा बन गया।

सूची जारी होते ही कई नेताओं ने निजी कारण बताते इस्तीफे दिए। जबकि कुछ ने खुलकर संकेत दिया कि असली वजह अंदरूनी खींचतान और संगठनात्मक असहमति है। नियुक्ति पत्र की स्याही सूखने से पहले ही जिस तेजी से इस्तीफों का दौर शुरू हुआ, उसने कांग्रेस की संगठनात्मक मजबूती पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

### जिला और प्रदेश कांग्रेस अब तक चुप

सबसे दिलचस्प बात यह है कि इतने बड़े पैमाने पर इस्तीफों के बावजूद न तो जिला कांग्रेस कमेटी और न ही प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया दी है। ऊपर से सब कंट्रोल में है, का संदेश दिया जा रहा है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति पूरी तरह उलटी दिखाई दे रही है।

### विपक्ष को बैठे-बैठाए मिला मुद्दा

डोंगरगढ़ में कांग्रेस की इस उथल-पुथल ने विपक्ष को नया राजनीतिक हथियार दे दिया है। जनता भी अब यह सोचने पर मजबूर है कि जब पार्टी अपने ही घर को संभाल नहीं पा रही तो क्षेत्र की जिम्मेदारी कैसे निभाएगी?

### नाराजगी ने खोली संगठन की परतें

कुछ पदाधिकारियों ने स्पष्ट कहा कि यह निजी नहीं, बल्कि लंबे समय से संगठन के अंदर चल रही खींचतान का नतीजा है। ऐसे समय में जब पार्टी के पास क्षेत्र में विधायक मौजूद हैं, फिर भी कार्यकर्ताओं का इस तरह खुलकर विद्रोह पर उतर आना कांग्रेस की अंदरूनी कमजोरियों को उजागर करता है।

# महिला आरक्षण की आड़ में परिसीमन बिल से भाजपा हुई बेनकाब : धनेश

**राजनांदगांव।** पूर्व मंत्री धनेश



पाटिला ने कहा कि संसद में भाजपा ने परिसीमन विधेयक पास कराने महिला आरक्षण बिल का सहारा लिया। कांग्रेस पार्टी और विपक्षी दलों की जागरूकता से भाजपा बेनकाब हो गई और साजिश असफल हुई। भाजपा महिलाओं को आरक्षण नहीं देना चाहती, वह अपनी चुनावी जोड़तोड़ से परिसीमन कराना चाह रही थी, वह भी ध्वस्त हो गया। पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने महिला आरक्षण विधेयक के नाम पर भाजपा की नौटंकी पर कहा कि 1980 से जिस पार्टी ने किसी महिला को राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बनाया हो, वह भाजपा आज महिला आरक्षण के नाम पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को राजनीतिक स्वार्थपूर्ति का माध्यम बना ली है। कांग्रेस ने 73-74वे संविधान संशोधन से स्थानीय निकायों में 33 प्रतिशत आरक्षण तत्काल लागू कराकर ऐतिहासिक निर्णय लिया।

### निगम में विशेष सम्मेलन आज

**राजनांदगांव।** नगर पालिक निगम की विशेष सम्मेल (सामान्य सभा) की बैठक (नगर पालिक निगम अधिनियम की धारा 30 के तहत) कल 30 अप्रैल को पूर्वान्ह 11.30 बजे से नगर निगम के सभागृह में आहुत की गई है। बैठक में 3 विषयों पर चर्चा कर विचार-विमर्श उपरांत निर्णय लिया जाएगा। नगर निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा ने बताया कि विशेष सम्मेलन (सामान्य सभा) की बैठक के प्रारंभ में लोक सेवा केन्द्र से प्राप्त सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन की स्वीकृति के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा तथा द्वितीय विषय में वर्ष 2026-27 में निगम सीमाक्षेत्र में संपत्तिकर की दरों में एमआआईसी द्वारा संशोधित दर पर दी गई स्वीकृति की पुष्टि पर चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा अंतिम विषय में महिला सशक्तिकरण के जनजागरूकता अभियान अंतर्गत कार्यक्रम की महत्ता पर चर्चा एवं प्रस्ताव के संबंध में चर्चा उपरांत निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने विशेष सम्मेलन (सामान्य सभा) की बैठक में उपस्थिति की अपील की है।

## तीर्थयात्रियों ने जताया आभार

# अयोध्या धाम के लिए रवाना हुए तीर्थयात्री रामलला और काशी विश्वनाथ के करेंगे दर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी रामलला दर्शन अयोध्या धाम योजना के तहत आज स्पेशल ट्रेन राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से काशी विश्वनाथ और अयोध्या के लिए रवाना हुई। इस स्पेशल ट्रेन को सांसद संतोष पांडे, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा सहित अन्य नेताओं ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



राज्य शासन द्वारा प्रदेश के नागरिकों को तीर्थदर्शन के लिए अयोध्या धाम योजना के तहत वर्षभर में 26 स्पेशल ट्रेनों के माध्यम से यात्रा कराई जा रही है। इसी कड़ी में राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अयोध्या रामलला दर्शन और बाबा काशी विश्वनाथ दर्शन के लिए स्पेशल ट्रेन रवाना हुई। जिसमें 876 तीर्थयात्री रवाना किए गए। इस अवसर पर ट्रेन को हरी झंडी दिखाने कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

तीर्थयात्रा योजना के तहत भगवान रामलला दर्शन के लिए जाने वाले तीर्थयात्रियों को सांसद संतोष पांडे ने अपनी शुभकामनाएं देते केंद्र की मोदी सरकार और प्रदेश की साय सरकार का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि भारत की आत्मा, भारत की पहचान भगवान राम है। इन यात्रियों को भगवान रामलला के दर्शन हेतु रवाना करते काफी हर्ष हो रहा है। उन्होंने कहा कि इस योजना से अच्छा वातावरण निर्मित होता है।

### दुर्ग संभाग से रवाना हुए यात्री

तीर्थयात्रियों के स्वागत के लिए रेलवे स्टेशन में सजावट की गई थी। वहीं स्पेशल ट्रेन को भी सजाया गया था । राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से डोंगरगगढ़, कवर्धा, खैरागढ़, मोहला-मानपुर, बालोद, धमतरी सहित आसपास जिलों से तीर्थयात्री रवाना हुए। इस स्पेशल ट्रेन से राजनांदगांव-दुर्ग से तीर्थयात्री काशी विश्वनाथ और रामलला के दर्शन हेतु रवाना हुए।

**श्रवण कुमार बनकर करा रहे दर्शन:** पर्यटन मंडल के सहयोग से आयोजित होने वाले अयोध्या धाम योजना के तहत तीर्थयात्रियों को लगातार भगवान रामलला के दर्शन हेतु भेजे जाने और योजना चलाए जाने को लेकर पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा ने प्रदेश और केंद्र सरकार का आभार जताते कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय श्रवण कुमार बनकर प्रदेश की जनता को तीर्थ दर्शन करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि इस तीर्थयात्रा में 876 तीर्थयात्रियों को रवाना किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रतिवर्ष एक संभाग से 5 से 6 ट्रेन इस योजना के तहत भेजी जाती है। अब यात्रियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए ट्रेन की बोगी बढ़ाने की भी मांग आ रही है।



## समस्या: उमस भरी गर्मी में बिना बिजली के रहना मुश्किल, जनजीवन प्रभावित

# ग्रामीण क्षेत्र में बिजली कटौती गर्मी से आम नागरिक परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कोलेगांव में इन दिनों बिजली कटौती और भीषण गर्मी ने ग्रामीणों की परेशानी बढ़ा दी है। कोलेगांव स्थित बिजली सब स्टेशन से लगातार हो रही अघोषित कटौती के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के इस मौसम में सुबह 8 बजे से ही तेज धूप और गर्म हवाएं लोगों को झुलसा रही हैं, वहीं दूसरी ओर बिजली विभाग की आंख-मिचौली से जनजीवन प्रभावित हो रहा है।

ग्रामीणों का कहना है कि बिजली की अनियमित आपूर्ति के कारण घरों में पंखा और कूलर भी ठीक से नहीं चल पा रहे हैं। वहीं उमस भरी गर्मी में बिना बिजली के रहना मुश्किल हो गया है, छोटे बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सबसे ज्यादा प्रभावित हो रहे हैं। जिस पर ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि कोलेगांव के लिए अलग फीडर की व्यवस्था की जाए, ताकि बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से हो सके और लोगों को राहत मिल सके। इस संबंध में ग्रामीण कई बार मौखिक रूप से अधिकारियों और कर्मचारियों को अवगत करा चुके हैं, यहां तक कि सुशासन तिहार के दौरान भी यह मांग रखी गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है।




### अलग फीडर की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि कोलेगांव में बिजली सब स्टेशन होने के बावजूद यहां के लोगों को इसका पूरा लाभ नहीं मिल रहा है। वर्तमान में धनेली फीडर के अंतर्गत ग्राम कोलेगांव, धनेली, भगतपुर, पीपरमाटी, सेमरकोना, निगापुर, नवागांव, खगेश और महुआमड़वा जैसे करीब आठ गांव जुड़े हुए हैं। वहीं कंझेटा फीडर में केवल कंझेटा और मोहतरा गांव शामिल हैं। ऐसी स्थिति में यदि किसी एक गांव में भी बिजली खराब होती है, तो पूरे फीडर की सप्लाई बंद करनी पड़ती है, जिससे सभी गांव प्रभावित होते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि यही कारण है कि कोलेगांव में बार-बार बिजली बाधित होती रहती है।

### क्षेत्र में बेवजह बिजली कटौती से ग्रामीण रहवासी परेशान

उमस भरी गर्मी में बेवजह बिजली कटौती से ग्रामीणों ने नाराजगी जताई है। ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं को दिन में कई बार बिजली कटौती से कार्यशैली प्रभावित हो रही है।

# पावर टिलर बना गन्ना किसानों का सहारा, कम लागत में बढ़ी उत्पादकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिले में गन्ना फसल उत्पादन तेजी से विस्तार ले रहा है। जिले में दो शक्कर कारखाना एवं लगभग 300 से अधिक गुड़ निर्माण इकाइयों के संचालन से गन्ना फसल की मांग और रकबा दोनों में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। अन्य राज्यों से उच्च गुणवत्ता वाले गन्ने के आगमन ने भी उत्पादन क्षमता को नई दिशा दी है, जिससे बीते कुछ वर्षों में गन्ने का रकबा तीन से चार गुना तक बढ़ा है।

बीते वर्ष गन्ना किसानों को गुड़ फैक्ट्रियों में 500 से 570 रुपए प्रति क्विंटल तक का मूल्य मिला, जिससे कृषकों को अच्छा आर्थिक लाभ हुआ। वर्तमान में ग्रामीण क्षेत्रों के खेत हरे-भरे गन्ने से लहलहा रहे हैं और फसल बेहतर स्थिति में है। इस बीच कृषि कार्यों में आधुनिक तकनीक का उपयोग बढ़ा है। खेतों की जुताई के लिए पावर टिलर मशीन किसानों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही है। यह मशीन पारंपरिक हल-बैल की तरह कार्य करते हुए कम समय और कम लागत में बेहतर परिणाम दे रही है। ग्राम नाऊडीह के किसान छवि वर्मा ने बताया कि सरकार द्वारा पावर टिलर पर अनुदान दिया जा रहा है, जिसमें 5 एचपी, 7 एचपी और 9 एचपी मशीनों पर क्रमशः 10 हजार, 15 हजार और 30 हजार रुपए तक की छूट मिल रही है। यही कारण है कि अब गांव-गांव में किसान इस तकनीक को अपना रहे हैं, जिससे गन्ना उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि की उम्मीद है।

### कम मेहनत, अधिक मुनाफा पावर टिलर से बदल रही खेती-किसानी

जिले में पावर टिलर मशीन गन्ना फसल किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रही है। पारंपरिक हल-बैल की तुलना में यह मशीन कम समय में जुताई कर देती है, जिससे श्रम और लागत दोनों घटते हैं। सरकारी अनुदान मिलने से छोटे और मध्यम किसान भी इसे आसानी से अपना रहे हैं। परिणामस्वरूप खेती अधिक आधुनिक, तेज और लाभकारी बनती जा रही है।

## खबर संक्षेप

### हाईवे के किनारे खड़े ट्रकों के कारण बढ़ा खतरा

**कवर्धा।** शहर से बाहर ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में हाईवे किनारे बेतरतीब तरीके से खड़े ट्रकों के कारण आवागमन लगातार जोखिम भरा होता जा रहा है। सड़क किनारे भारी वाहनों की लंबी कतार लगने से मार्ग संकरा हो जाता है, जिससे तेज रफ्तार में चलने वाले वाहनों को गुजरने में काफी दिक्कत होती है। यह मार्ग भोरमदेव मंदिर जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए भी प्रमुख रास्ता है, जिसके चलते दिनभर ट्रैफिक का दबाव बना रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि कई बार ट्रक चालक बिना किसी निर्धारित पार्किंग स्थल के ही सड़क किनारे वाहन खड़ा कर देते हैं, जिससे दुर्घटना की संभावना बढ़ जाती है। खासकर रात के समय यह स्थिति और अधिक खतरनाक हो जाती है, क्योंकि खड़े ट्रकों के कारण सामने से आने वाले वाहन अचानक नजर नहीं आते। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ दोपहिया चालकों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

# भगवान युग-युगांतर से भक्तों के स्नेह से बंधे हैं : पं. प्रशांत



■ श्रीमद्भागवत कथा सुनने उमड़ रहीं भक्तों की भारी भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

धर्म नगरीय धराधाम कोलेगांव में साहू परिवार द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस श्री कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। कथा व्यास आचार्य पं प्रशांत शर्मा ने कथा के माध्यम से बताया कि नंद बाबा के घर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का अत्यंत भावपूर्ण और सुंदर वर्णन किया, जिससे पूरा पंडाल नंद के आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंज उठा।

भक्तजन भजनों की मधुर धुन पर झूमते हुए श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लेते रहे। कथा व्यास महाराज ने कहा कि भगवान युग-युगांतर से भक्तों के प्रेम और स्नेह के बंधन में बंधे हैं और सदैव भक्तों की कामनाओं की पूर्ति के लिए इस धरती पर अवतरित होते हैं। उन्होंने वामन अवतार, समुद्र मंथन, श्रीराम जन्मोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का विस्तार से वर्णन करते हुए भक्ति मार्ग का संदेश दिया।

उन्होंने कहा कि यदि भगवान को पाना है तो मन में यह भाव रखना चाहिए कि मेरा सब कुछ मेरे ठाकुर का है। उन्होने गजेंद्र मोक्ष की महिमा बताते हुए कहा कि इसका पाठ करने से भगवान की कृपा बनी रहती है और जीवन के संकट दूर होते हैं।

महाराज ने यह भी कहा कि अहंकार बुद्धि और ज्ञान का नाश करता है, इसलिए विनम्रता ही सच्ची भक्ति का मूल है। वहीं श्रीमद् भागवत महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ श्रवण पान करने समारूराम साहू, हुलास साहू, नरेश साहू सहित कोलेगांव तथा आसपास क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में पहुंचकर कथा का लाभ उठा रहे हैं, वहीं क्षेत्र में भक्तिमय का माहौल बना हुआ है।

# कलेक्ट्रेट पहुंचे बैगा परिवार, घंटों प्रदर्शन के बाद कलेक्टर से मिले, मूलभूत सुविधाओं पर मिला भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गभौड़ा रोड निर्माण और बुनियादी सुविधाओं की मांग को लेकर बुधवार को लगभग 70 से 75 की संख्या में बैगा जनजाति के परिवार कलेक्ट्रेट पहुंचे और घंटों तक अपनी मांगों को लेकर डटे रहे। दूरस्थ क्षेत्र से करीब 75 किलोमीटर का सफर तय कर आए इन ग्रामीणों ने प्रशासन के समक्ष सड़क, पानी, स्वास्थ्य और अन्य मूलभूत समस्याओं को प्रमुखता से उठाया।

प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने बताया कि गभौड़ा क्षेत्र में सड़क नहीं होने से आवागमन बेहद कठिन है। बरसात के समय हालात और गंभीर हो जाते हैं, जिससे मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता है। इसके साथ ही पेयजल, बिजली और अन्य सुविधाओं के अभाव में ग्रामीणों को दैनिक जीवन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रदर्शन के बाद ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी समस्याएं रखीं। कलेक्टर और संबंधित विभाग प्रमुखों ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। अधिकारियों ने बोर खनन, केवाईसी प्रक्रिया पूर्ण कराने, सड़क निर्माण और अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया। ग्रामीणों के साथ स्थानीय कांग्रेस के नेता आकाश केशरवानी, सीमा अगम अनंत, हीरामणि ग्वाल, तुकाराम चंद्रवंशी और संतोष यादव उपस्थित थें। आश्वासन मिलने के बाद ग्रामीण वापस लौट गए।



### दुरस्थ वनांचल से 75 किमी का संघषपूर्ण सफर

बैगा जनजाति के 70 से 75 परिवार ऐसे दूरस्थ क्षेत्रों से आए जहां आज भी सड़क और परिवहन की पर्याप्त सुविधा नही है। 75 किलोमीटर का सफर तय कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। खराब सड़क और संसाधनों के अभाव के बावजूद अपनी समस्याओं को लेकर प्रशासन तक पहुंचना उनकी मजबूरी को दर्शाता है।

### पानी से सड़क तक प्रशासन ने दिए समाधान के संकेत

कलेक्टर से मुलाकात के दौरान विभाग प्रमुखों ने बोर खनन, केवाईसी, सड़क निर्माण और अन्य बुनियादी सुविधाएं जल्द उपलब्ध कराने का भरोसा दिया। ग्रामीणों को उम्मीद है कि अब उनकी वर्षों पुरानी समस्याओं का समाधान होगा। गभौड़ा रोड निर्माण को भी जल्द कार्य शुरू करने का भरोसा दिलाया।

# उच्चतम न्यायालय में समाधान समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा न्याय को सरल तरीके से घर-घर तक पहुंचाने तथा आपसी सहभागिता और सहमति से न्याय की भावना को मूर्त रूप देने के लिए भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा समाधान समारोह 2026 का आयोजन 21 अप्रैल को शुरू किया गया। जिसकी परिणति 21, 22 एवं 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत के आयोजन के साथ होगी।

लेख है कि उक्त विशेष लोक अदालत का आयोजन माननीय सर्वोच्च न्यायालय परिसर में 21, 22 एवं 23 अगस्त को होगा, जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय में लंबित मामले शामिल किया जाएगा। साथ ही यह भी लेख है कि उक्त विशेष लोक अदालत के पूर्व सुलह के लिए बैठकों का आयोजन राज्य, जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति में स्थित मध्यस्थता केन्द्रों में किया जाएगा। इस सुलह वार्ता का आयोजन 21 अप्रैल को समाधान समारोह के आरम्भ के साथ शुरू हो गया है। इस समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के आयोजन का लक्ष्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित उपयुक्त मामलों का सुलह एवं आपसी सहमति से निष्पादन करना है।

साथ ही यह भी लेख है कि उक्त समाधान समारोह (विशेष लोक अदालत) के सफल आयोजन हेतु अधिवक्तागण, वादकारियों तथा अन्य सभी संबंधित पक्षों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भागीदारी के लिए आमंत्रित किया जाना है। 21 अप्रैल से आरम्भ हो रहे समाधान समारोह में तालुका न्यायालय स्तर से लेकर उच्च न्यायालय स्तर तक आपसी सहमति से वार्ता से समाधान तलाशने का प्रयास किया जायेगा। इन सुलह-बैठकों का आयोजन जिला, तालुका, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति स्थित मध्यस्थता केन्द्र में किया जावेगा, जिसमें प्रशिक्षित मध्यस्थ तथा सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पक्षकारों की मदद करेंगे। पक्षकार इन सुलह-प्रयास हेतु बैठकों, वार्ताओं में स्वयं अथवा आभासी (ऑनलाईन) रूप से शामिल हो सकते है।

### सहमति से होगा मामले का निष्पादन

इस समाधान समारोह का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय में लंबित वैसे मामले जो आपसी सहमति तथा सुलह से निष्पादन योग्य है, उनको सुलह-सहमति से निष्पादित करना है। उक्त विशेष लोक अदालत में सर्वोच्च न्यायालय में लंबित पारिवारिक विवाद, दुर्घटना दावा, चेक बाउंस, भू-अधिग्रहण, आपराधिक सुलहनीय, श्रम संबंधी विवाद तथा ऐसे आपसी सहमति से निष्पादन योग्य है उन्हें शामिल किया जाएगा। यदि किसी मामले को उक्त विशेष लोक अदालत में शामिल करना है तो इसके लिए गूगल फार्म उपलब्ध कराया गया है जिसे भरकर आवेदन किया जा सकता है। इसे भरना अत्यंत सरल है। उक्त मामले का निष्पादन दोनों पक्षों की सहमति से होगा। विशेष लोक अदालत के पूर्व सुलह हेतु प्रयास के वास्ते वादी, प्रतिवादी को आमंत्रण जारी किया जाएगा।

### आवास निर्माण में बाधा महिला को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

ग्रापं पोंड़ी में एक ग्रामीण महिला के प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आ रही रुकावट सांसद की पहल से दूर हो गई है। समस्या के समाधान के बाद हितग्राही ने राहत की सांस ली है और अब उनके आवास का निर्माण कार्य पुनः शुरू हो सकेगा। ग्राम पोंड़ी निवासी शकुंतला नामदेव के नाम से प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत हुआ था। जिस स्थान पर मकान का निर्माण होना था वहां वर्षों पुराना बिजली का खंभा लगा हुआ था जिससे निर्माण कार्य बाधित हो रहा था। महिला ने इस समस्या के समाधान के लिए कई बार संबंधित विभागों में आवेदन दिया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। आखिरकार महिला ने भाजपा जिला उपाध्यक्ष जयराम साहू से संपर्क कर समस्या से अवगत कराया। जयराम साहू ने इस मामले को सांसद के समक्ष रखा। इसके बाद सांसद ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से चर्चा कर खंभा हटाने के निर्देश दिए। जिससे आवास निर्माण का रास्ता साफ हो गया।

# बैठक में रोजगार एवं स्व-रोजगार मार्गदर्शन कार्यों की समीक्षा हुई

■ जिपं अध्यक्ष की अध्यक्षता में विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू की अध्यक्षता में आयोजित सामान्य सभा की बैठक में जिला रोजगार अधिकारी द्वारा सदन को जानकारी देते हुए बताया कि ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन, पोर्टल एवं कॉमन सर्विस सेन्टर के सहायता से शिक्षित युवाओं द्वारा रोजगार हेतु पंजीयन कराया जाता है। वर्तमान में 47897 जीवित पंजीयन होने तथा 1 जनवरी से 31 मार्च तक 1820 युवाओं द्वारा पंजीयन कराने की जानकारी दी गई।

जिले के युवाओं को रोजगार देने के संबंध में सदन को जिला रोजगार अधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक माह के तृतीय बुधवार को प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन करना प्रस्तावित किया गया है। जो कि लाईवलीहुड कॉलेज, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, वीर सावरकर भवन, हॉयर सेकेंण्डरी स्कूल जैसे स्थानों पर आयोजित होगा। रोजगार मेला हेतु नियोजकों की वास्तविक संख्या एवं मेला स्थल का निर्धारण कर इसकी सूचना पृथक से जारी करने की बात कही गई।

### निःशुल्क प्रशिक्षण की दी गई जानकारी

सदन को जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी द्वारा भारतीय सेना में अग्नीवीर भर्ती के विषय में बताया गया। जिले के अधिक से अधिक युवाओं का चयन सुनिश्चित करने के लिए रोजगार कार्यालय द्वारा आवेदन भरने की सुविधा, ऑनलाईन लिखित परीक्षा एवं शारीरिक दक्षता की तैयारी हेतु निःशुल्क प्रशिक्षण की जानकारी दी गई। सदन को बताया गया कि वर्ष 2024 में 14 अभ्यर्थी का चयन हुआ है तथा वर्ष 2025 के लिखित परीक्षा की तैयारी हेतु 35 और शारीरिक परीक्षा की तैयारी हेतु 47 प्रतिभागी प्रतिक्षारत होना बताया गया।

### // ईश्तहार //

क्रमांक /540/ राजस्व/ न.पं./ 2026-27
पाण्डातराई, दिनांक 29/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला कबीरधाम छ.ग. अंतर्गत भूमि/ मकान/ दुकान नामांतरण हेतु आवेदकों द्वारा निम्नानुसार आवेदन प्रस्तुत किया गया है :-

1. श्रीमति ज्योति सोनी पति योगेश सोनी निवासी वार्ड क्र. 08 पाण्डातराई बिक्रीकर्ता गेंदाबाई सोनी पति स्व. जगदीश सोनी के वार्ड क्रमांक 08 के 20X22=440 वर्गफीट पक्का मकान विक्रय उपरांत नामांतरण ।
2. श्री चुणामणि तिवारी पिता कौशल तिवारी निवासी वार्ड क्रमांक 05 पाण्डातराई बिक्रीकर्ता रेखा दास गुप्ता पति आनंद दास पिता ठुमुक दास निवासी वार्ड क्र. 07 के 12X16=192 वर्गफीट पक्का दुकान विक्रय उपरांत नामांतरण ।

उपरोक्त नामांतरण प्रकरण अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित भूमि के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 17/05/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगी यह शुन्य माना जायेगा ।

मुहर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

क्रमांक /540/ राजस्व/ न.पं./ 2026-27
पाण्डातराई, दिनांक 29/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला कबीरधाम छ.ग. अंतर्गत भूमि/ मकान नामांतरण हेतु आवेदकों द्वारा निम्नानुसार आवेदन प्रस्तुत किया गया है :-

1. श्री भास्कर सोनी पिता शिवकुमार सोनी एवं श्री योगेश सोनी पिता रमेश सोनी निवासी वार्ड क्र. 07 पाण्डातराई, द्वारा स्व. दिनेश सोनी के मृत्यु उपरांत वार्ड क्रमांक 04 स्थित पक्का दुकान को परिवार के आपसी सहमति के द्वारा क्रमशः 13X17=221 एवं 10X16=160 वर्गफीट पक्का दुकान को वारिसान के नाम पर पारिवारिक सहमति उपरांत नामांतरण ।
2. श्री श्रवण कुमार नट पिता रामजी नट निवासी वार्ड क्रमांक 04 पाण्डातराई द्वारा अपने माता स्व. थनवारीन बाई नट पति रामजी नट की मृत्यु उपरांत 20x30=600 वर्गफीट कच्चा मकान को वारिसान के नाम पर आपसी सहमति उपरांत नामांतरण।

उपरोक्त नामांतरण प्रकरण अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित भूमि के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 17/05/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगी यह शुन्य माना जायेगा ।

मुहर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

### // ईश्तहार //

क्रमांक /540/ राजस्व/ न.पं./ 2026-27
पाण्डातराई, दिनांक 29/04/2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत पाण्डातराई, जिला कबीरधाम छ.ग. अंतर्गत भूमि/ मकान नामांतरण हेतु आवेदकों द्वारा निम्नानुसार आवेदन प्रस्तुत किया गया है :-

1. श्री आनंद प्रकाश गुप्ता पिता सीताराम गुप्ता निवासी वार्ड क्र. 06 पाण्डातराई द्वारा सीताराम गुप्ता पिता लल्लूराम के वार्ड क्रमांक 04 के 20x22=440, वार्ड क्रमांक 05 के 8X11= 88, पक्का दुकान एवं वार्ड क्रमांक 06 के 38X40= 1520 वर्गफीट पक्का मकान पुत्र के नाम पर करने हेतु आपसी सहमति उपरांत नामांतरण ।
2. श्री गणेशराम पाली पिता घनाराम पाली निवासी वार्ड क्रमांक 01 पाण्डातराई द्वारा अपने पुत्र के नाम मंतराम पाली को 29X57=1653 वर्गफीट पक्का मकान एवं पुत्र बालाराम पाली का 29X60=1740 वर्गफीट पक्का मकान पुत्रों के नाम पर करने हेतु आपसी सहमति उपरांत नामांतरण ।

उपरोक्त नामांतरण प्रकरण अधोहस्ताक्षकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तावित भूमि के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति इस संबंध में दिनांक 17/05/2026 के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नही होगी यह शुन्य माना जायेगा ।

मुहर
मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पाण्डातराई
जिला- कबीरधाम (छ.ग.)

**समक्ष- श्रीमान नोटरी महोदय पंडरिया तहसील पण्डरिया जिला कबीरधाम छ.ग.**

**//शपथ पत्र//**

संजय कुमार मेरावी उम्र......वर्ष पिता श्री रामप्रसाद जाति गोंड़ निवासी प्रभुझोला तहसील बोड़ला जिला- कबीरधाम (छ.ग.) का निवासी हूँ जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक करता हूँ ।

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है ।
2. यह कि मेरा नाम संजय कुमार मेरावी पिता श्री रामप्रसाद जाति गोंड़ है, जो कि सत्य व सही है।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड क्रमांक- 891015240707 में मेरा नाम संजय कुमार मेरावी पिता श्री रामप्रसाद दर्ज है, जो कि सत्य व सही है ।
4. यह कि मेरा कॉलेज के समस्त शैक्षिणक दस्तावेजों में मेरा नाम संजय कुमार मेरावी पिता श्री रामप्रसाद दर्ज है, जो कि सत्य व सही है ।
5. यह कि मेरा कक्षा दसवीं जिसका उत्तीर्ण वर्ष मार्च 2012 है, जिसका रोल नंबर- 1121205878 तथा नमांकन क्रमांक- A10/121016/072 है, जिस पर मेरा नाम संजय (SANJAY) दर्ज है जो कि मेरा ही नाम है तथा कक्षा बारहवीं उत्तीर्ण वर्ष मार्च 2014 है, जिसका रोल नंबर- 2141602129 तथा नमांकन क्रमांक-A10/121016/072 है, जिस पर मेरा नाम संजय (SANJAY) दर्ज है जो कि मेरा ही नाम है।
6. यह कि सक्षम अधिकारी न्यायालय तहसीलदार राजस्व बोड़ला के द्वारा स्थाई निवास प्रमाण पत्र जारी किया गया है, जिसका रा.प.क्र. 7241/ब-121/ वर्ष 2014-15 जारी दिनांक 15/04/2015 जिस पर मेरा नाम संजय कुमार दर्ज है, जो कि मेरा ही नाम है तथा संजय कुमार एवं संजय को संजय कुमार मेरावी पढ़ा जावे इस पर मेरे द्वारा कोई असत्य कथन नहीं किया गया है यदि उक्त नाम के संबंध में कोई असत्यता पायी जाती है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी ।
7. यह शपथ पत्र संजय कुमार एवं संजय नाम को संजय कुमार मेरावी पढ़ा- समझा जाने के संबंध में सादर प्रस्तुत है।
8. यह कि मेरा सर्विस बुक एवं पास बुक में मेरा पूरा नाम संजय कुमार मेरावी के नाम से पढ़ा लिखा जावे ततसंबंध में यह शपथ पत्र प्रस्तुत है ।

दिनांक 29/04/2026
शपथकर्ता
संजय कुमार मेरावी

**// सत्यापन //**

मैं उपरोक्त शथपकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र की कंडिका 01 से 08 तक लिखी बातें सत्य एवं सही है। जिसे मैं पढ़कर, समझकर अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं ।

दिनांक 29/04/2026
शपथकर्ता
संजय कुमार मेरावी







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

### रक्षित केन्द्र का वार्षिक निरीक्षण संपन्न

**कवर्धा।** जिला कबीरधाम के रक्षित केंद्र का वार्षिक निरीक्षण 28 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह द्वारा संपन्न किया गया। यह निरीक्षण 1 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 की अवधि के लिए किया गया, जिसमें पुलिस लाइन की विभिन्न व्यवस्थाओं एवं संसाधनों का सूक्ष्म और व्यापक अवलोकन किया गया। निरीक्षण के दौरान बल की उपलब्धता, परेड व्यवस्था, प्रशिक्षण गतिविधियाँ, शस्त्रागार, स्टोर शाखा, वाहन शाखा, आवासीय एवं प्रशासनिक भवनों की स्थिति, सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता, विस्फोटक सामग्री तथा ड्रेस स्टॉक का गहन परीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति, अनुशासन और कार्यप्रणाली की गंभीरतापूर्वक समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान शस्त्रों की री-ड्रिलिंग, एम्युनिशन की स्थिति, वाहन रखरखाव तथा सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता की विशेष रूप से जांच की गई।

### विशेषज्ञ चिकित्सकों की होगी संविदा भर्ती

**कवर्धा।** आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत जिला अस्पताल कबीरधाम को प्राप्त प्रोत्साहन राशि तथा प्रबंधकारिणी समिति, आयुष्मान भारत, जिला चिकित्सालय कबीरधाम की बैठक 27 अप्रैल 2026 में लिए गए निर्णय अनुसार विषय विशेषज्ञ चिकित्सकों के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया जा रहा है। इसके अंतर्गत 01 स्त्रीरोग विशेषज्ञ एवं 01 निश्चेतना विशेषज्ञ चिकित्सक के पदों पर संविदा नियुक्ति की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित समय पर उपस्थित होकर अवसर का लाभ उठाने का आग्रह किया गया है।

### ऑनलाइन संपर्क कक्षा दो मई से प्रारंभ

**कवर्धा।** पंडित सुंदरलाल शर्मा (ओपन) विवि बिलासपुर ने एमए/एमएससी (गणित) के प्रथम व द्वितीय वर्ष सत्र जुलाई-जून 2025-26 में प्रवेशित छात्र/छात्राओं की ऑनलाइन संपर्क कक्षा का शेड्यूल जारी किया है। संपर्क कक्षा सुबह 11 से शाम 4 बजे दो मई से 11 मई तक होगी।

# कक्षा दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में बालिकाओं का दबदबा कायम

**कक्षा बारहवीं में 3831 तो दसवीं के 4386 परिक्षार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा की उत्तीर्ण**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा बुधवार को हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट तथा हाई स्कूल परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए गए हैं। मण्डल ने दोनो ही बोर्ड परिक्षाओं के परीक्षा परिणाम एक साथ जारी किए हैं। दोनो ही परिक्षाओं में जिले के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम हांसिल करते हुए शानदार सफलता हांसिल की है।

गौरव की बात यह है कि इस बार भी हाई स्कूल के लिए जारी प्रावीण्य सूची में जिले की एक छात्रा ने अपना स्थान सुनिश्चित की किया है। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कवर्धा की छात्रा रिया केशरवानी ने 600 में से 593 अंक प्राप्त करते हुए 98.83 प्रतिशत अंक हासिल कर दूसरा स्थान हांसिल किया है। वहीं हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा परिणाम की कि जाए तो स्कूल शिक्षा विभाग के मुताबिक इस वर्ष जिले में कक्षा बारहवीं की परीक्षा के लिए कुल 8708 परिक्षार्थियों ने आवेदन किया था जिसमें 3748 बालक तथा 4957 बालिकाएं शामिल थी। इन पंजीकृत विद्यार्थियों में से 8663 ने परीक्षा में उपस्थित होकर परीक्षा दिलाई थी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा बुधवार को घोषित किए गए कुल 8645 परिक्षार्थियों के परीक्षा परिणामों में 6957 परिक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। जिसमें 2795 बालक तथा 4162 बालिका शामिल हैं।

उत्तीर्ण परिक्षा परिणामों में प्रथम श्रेणी में 3831, द्वितीय श्रेणी में 2984 तथा तृतीय श्रेणी में 141 परिक्षार्थियों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कक्षा 12 वीं की परीक्षा में इस बार बालिकाओं ने शानदार प्रदर्शन किया है और वे बालिकाओं से आगे रही है। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 80.47 प्रतिशत रहा है। जिसमें 75.37 बालकों तथा 84.30 प्रतिशत बालिकाओं ने परीक्षा पास की है।



फाईल फोटो

**दसवीं में 71.73 प्रतिशत रहा परीक्षा परिणाम**

इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा परिणामों की बात की जाए तो स्कूल शिक्षा विभाग के मुताबिक इस वर्ष कुल 12 हजार 168 परिक्षार्थियों ने आवेदन किया था। जिसमें 5277 बालक तथा 6891 बालिकाएं शामिल थी। जिसमें से कुल 12 हजार 29 परिक्षार्थियों ने परीक्षा दिलाई थी। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा परीक्षा में शामिल कुल 11 हजार 975 परिक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। घोषित परीक्षा परिणामों में 8590 परिक्षार्थियों को उत्तीर्ण घोषित किया गया है। जिसमें 3407 बालक तथा 5183 बालिकाएं शामिल हैं। उत्तीर्ण परिक्षार्थियों में 4386 ने प्रथम श्रेमणी में, 4055 ने द्वितीय श्रेणी में तथा 149 ने तृतीय श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की है। वहीं 2554 परिक्षार्थी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर पाए हैं। जिले का कुल परीक्षा परिणाम 71.73 प्रतिशत रहा है। जिसमें 66.10 प्रतिशत बालकों ने तो 75.95 बालिकाओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। कहना गलत नहीं होगा कि बालिकाओं ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखा है।

**हादसा:** ट्रक के उड़े परखच्चे, कैबिन में फंसकर रह गया ट्रक चालक

# बोड़ला-चिल्फी हाईवे में ट्रक ट्रेलर की भिड़ंत, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से बेहद संवेदनशील और खतरनाक माने जाने वाले जिले के चिल्फी थाना क्षेत्र से होकर गुजरने वाले नेशनल हाईवे 30 में बुधवार की सुबह करीब 8.00 बजे एक और भीषण सड़क हादसा सामने आया है। जिसमें एक भारी भरकम ट्रेलर वाहन और ट्रक की सीधी भिड़ंत में ट्रक चालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

इस हृदय विदार घटना के बाद चौबिसों घंटे आमदरफ्त वाला नेशनल हाईवे करीब घंटे भर के लिए जाम हो गया। सड़क हादसे के बाद राहगीरों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी।

सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जैसे तैसे वाहन में बुरी तरह फंसे मृतक ट्रक चालक का शव बाहर निकाला और मर्ग कायम कर अवरूद्ध मार्ग का बहाल कराया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ट्रक क्रमांक सीजी 09 जेएल 1793 भोपाल से बेसन लेकर दुर्ग की ओर जा रही थी। इसी दौरान बांधटोला के पास सामने से आ रहे ट्रेलर क्रमांक एमएच 46 सीएल 4507 से उसकी सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर ट्रेलर में जा घुसा। इस हादसे में ट्रक चालक विनोद मागरे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। दुर्घटना के बाद नेशनल हाईवे-30 पर यातायात लगभग एक घंटे तक बाधित रहा, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद वाहन में फंसे चालक के शव को बाहर निकाला।

पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर मार्ग को पुनः सुचारु किया गया। पुलिस द्वारा मामले की जांच जारी है। उल्लेखनीय है कि बोड़ला-चिल्फी मार्ग सड़क दुर्घटनाओं के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, जहां पूर्व में भी कई हादसे हो चुके हैं।

**तेज रफ्तार और झपकी बनी हादसे का कारण**



माना जा रहा है कि इस सड़क हादसे का कारण वाहनो की तेज रफ्तार और सुबह के समय वाहन चालकों को झपकी आना हों सकता है। यहां बताना लाजिमी होगा कि हादसे के बाद ट्रक का जो हाल हुआ है उससे साफ जाहिर होता है कि वाहनो की रफ्तार काफी तेज दी। दुर्घटना के बाद ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है। जिसमें ट्रक चालक फंस गया था और गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस को भी इस क्षतिग्रस्त ट्रक के अगले हिस्से में फंसे मृतक के शव को बाहर निकालने में भारी मसक्त करनी पड़ी है।

**करीब घंटे भर जाम रहा नेशनल हाईवे, फंसे रहे कई वाहन**

इस भीषण सड़क हादसे के बाद चौबिसों घंटे आवाजाही वाला यह नेशनल हाईवे 30 करीब घंटे भर के लिए जाम हो गया। बताया जाता है कि हादसे के बाद भारी भरकम ट्रेलर वाहन अनियंत्रित होकर पूरी सड़क में आड़ा खड़ा हो गया था। जिसके कारण कोई भी वाहन आगे नहीं बढ़ पा रहा था और मार्ग के दोनो और वाहनो की लम्बी कतारे लग गई। इस जाम की स्थिति में यात्रियों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बाद में पुलिस प्रशासन ने जैसे तैसे मार्ग को बहाल कराया।

**पुलिस प्रशासन को करनी पड़ी भारी मसक्कत**

हादसे के बाद पुलिस प्रशासन को जहां हादसे के बाद वाहन में बुरी तरह से फंसे ट्रक चालक के शव हो बाहर निकालने में मसक्कत करनी पड़ी वहीं इस हादसे के बाद नेशनल हाईवे 30 में लगे लम्बे जाम को भी खुलवाने में पुलिस प्रशासन के पसीने छूट गए। हालांकि पुलिस प्रशासन का कार्य सराहनीय रहा।

# 50 से अधिक स्ट्रीट फूड स्टॉल पर दबिश, जांच




हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राज्य शासन के सही दवा शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान के तहत जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों ने पुलिस विभाग के साथ कवर्धा में 27 और 28 अप्रैल को खाद्य पदार्थों के विक्रय की सघन जांच की।

इस दौरान चाट गुपचुप, गन्ना जूस और स्ट्रीट फूड बेचने वाले 50 से अधिक दुकानों का औचक निरीक्षण किया। दुकानदारों को साफ सफाई बनाए रखने और गुणवत्ता पूर्ण सामग्री विक्रय करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान एग रोल सेंटर और हरियाणा जलेबी दुकानों में खाद्य पदार्थों का विक्रय अखबारी कागज में करते पाए जाने पर ऐसा नहीं करने की कड़ी हिदायत देते हुए समझाइश दी गई कि अखबार की छपाई में उपयोग होने वाला स्याही स्वास्थ्य के लिए अत्यंत हानिकारक है, और खाद्य पदार्थों में अवशोषित होकर इसका शरीर में जाना कई गंभीर रोगों का कारक हो सकता है। अतः अन्य सुरक्षित विकल्प में खाद्य पदार्थ विक्रय किए जाएं।

इसी प्रकार सुमित बाजार के परिसर में संचालित सोफ्टी आइस सेंटर के द्वारा प्रयोग की जा रही एक्सपायर्ड फ्लेवर्ड मॉकटेल टॉपिंग को मौके पर ही नष्ट कराया गया एवं भविष्य में ऐसा न करने की चेतावनी दी गयी है।

**जिले में चलाया जा रहा है अभियान**

उल्लेखनीय है कि 27 अप्रैल से 11 मई तक जिले में सही दवा शुद्ध आहार-यही छत्तीसगढ़ का आधार अभियान चल रहा है। जिसके तहत जिले के खाद्य सुरक्षा विभाग में बीते दो दिनों में खाद्य पदार्थों के विक्रय की सघन जांच की। अभियान के तहत अभिहित अधिकारी मुकेश कुमार साहू, फणीभूषण जायसवाल खाद्य सुरक्षा अधिकारी एवं स्थानीय जिला पुलिस बल के द्वारा कवर्धा के समस्त गुपचुप चाट सेंटर एवं गन्ना जूस सेंटर का लगभग 50 से अधिक फर्मों का निरीक्षण किया गया है।

# एएसआई रूपराम बने उप निरीक्षक एसपी ने स्टार लगाकर दी पदोन्नति



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पुलिस कबीरधाम में पदोन्नति प्रक्रिया के तहत सहायक उप निरीक्षक रूपराम पट्टावी को उप निरीक्षक के पद पर पदोन्नत किया गया।

यह कार्रवाई पुलिस महानिदेशक, नया रायपुर छत्तीसगढ़ द्वारा जारी वर्ष 2025 की पदोन्नति योग्यता सूची के आधार पर की गई। बुधवार 29 अप्रैल 2026 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय कबीरधाम में आयोजित एक सादगीपूर्ण एवं गरिमामय समारोह में पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल ने रूपराम पट्टावी को स्टार अलंकरण कर उप निरीक्षक पद की जिम्मेदारी सौंपी। इस दौरान अधिकारियों ने उन्हें नई जिम्मेदारियों के प्रति निष्ठा, अनुशासन और कर्तव्यपरायणता के साथ कार्य करने की शुभकामनाएं दीं।

समारोह के दौरान अधिकारियों ने कहा कि पदोन्नति न केवल सम्मान है, बल्कि यह जिम्मेदारियों में वृद्धि का प्रतीक भी है। नव पदोन्नत उप निरीक्षक से अपेक्षा की गई कि वे अपने अनुभव और कार्यकुशलता का उपयोग करते हुए पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाएंगे तथा आमजन की सेवा में तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने रूपराम पट्टावी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# कवर्धा की रिया का कक्षा 10 वीं बोर्ड में प्रदेश में दूसरा स्थान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा कक्षा 10 वीं और 12 वीं के परीक्षा परिणाम घोषित किए जाने के साथ ही जिले के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। कक्षा 10 वीं की मेरिट सूची में कवर्धा की छात्रा रिया केशरवानी ने पूरे प्रदेश में दूसरा स्थान हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है।



स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल, कवर्धा की छात्रा रिया केशरवानी ने 600 में से 593 अंक प्राप्त करते हुए 98.83 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उनकी इस शानदार सफलता ने न केवल परिवार और विद्यालय, बल्कि पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। रिया की इस उपलब्धि पर कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिला प्रशासन की ओर से उन्हें, उनके माता-पिता तथा स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

कलेक्टर ने कहा कि रिया की यह सफलता जिले के अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है और यह दर्शाती है कि निरंतर मेहनत और लगन से उच्च लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने भी रिया की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

वहीं रिया की इस सफलता से जिले में खुशी का माहौल है और अन्य छात्र-छात्राएं भी इससे प्रेरित हो रहे हैं। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष घोषित परीक्षा परिणामों में जिले के कई विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

# शिक्षकों के लिए बीमा कवर व टेट अनिवार्यता समाप्त करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन कबीरधाम एवं टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने जनगणना कार्य में लगे शिक्षकों के लिए बीमा कवर प्रदान करने एवं टेट की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अतिरिक्त कलेक्टर एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी विनय कुमार पोयाम को ज्ञापन सौंपा।

यह ज्ञापन छत्तीसगढ़ शासन के शिक्षा मंत्री एवं शिक्षा सचिव के नाम प्रेषित किया गया है। फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र राठौर के मार्गदर्शन में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि जनगणना कार्य भी निर्वाचन कार्य की तरह एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्यक्रम है। ऐसे में



इस कार्य में लगे शिक्षक-कर्मचारियों को भी समान रूप से सुरक्षा और सुविधाएं मिलनी चाहिए।

उन्होंने कहा कि मई माह की भीषण गर्मी और हीट वेव के बीच शिक्षक घर-घर जाकर प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में कार्य करेंगे, जिससे स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बना रहता है। इसलिए शासन द्वारा उन्हें सुरक्षा कवच के रूप में बीमा कवर प्रदान किया जाना आवश्यक है। इसके साथ ही फेडरेशन ने टेट परीक्षा की अनिवार्यता समाप्त करने की भी मांग उठाई।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि आरटीई अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों को शिक्षक पात्रता परीक्षा से छूट दी जानी चाहिए, ताकि उन्हें अनावश्यक दबाव से राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

**प्रशिक्षकों ने जिले के वन अधिकारियों व कर्मचारों को दी कई महत्वपूर्ण जानकारियां**

# साल हार्टवुड बोरर के समन्वित प्रबंधन का दिया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

कवर्धा वन मंडल में 28 अप्रैल 2026 को साल वनों को प्रभावित करने वाले खतरनाक कीट साल हार्टवुड बोरर के समन्वित प्रबंधन विषय पर एक महत्वपूर्ण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

यह प्रशिक्षण भारतीय वन शिक्षा संस्थान, जबलपुर के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें वन मंडल के क्षेत्रीय वन अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण में विशेषज्ञों ने बताया कि साल हार्टवुड बोरर छत्तीसगढ़ के साल वनों के लिए एक गंभीर खतरा बनता जा रहा है। यह कीट पेड़ों के अंदर छेद कर उनके तने एवं हार्टवुड को नुकसान पहुंचाता है, जिससे लकड़ी की गुणवत्ता प्रभावित होती है और वनों की उत्पादकता में गिरावट आती है। कवर्धा वन क्षेत्र में भी इस कीट का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है, जिसके नियंत्रण के लिए प्रभावी उपायों की आवश्यकता है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कीट के जीवन चक्र, पारिस्थिति की, मौसमी प्रकोप के पैटर्न, प्रभावित वृक्षों की पहचान तथा साल वनों की स्थिति का विस्तृत अध्ययन कराया गया।

साथ ही समन्वित प्रबंधन तकनीकों जैसे ट्रैप-ट्री विधि एवं अन्य वैज्ञानिक उपायों की जानकारी दी गई। क्षेत्रीय प्रदर्शन के माध्यम से अधिकारियों और कर्मचारियों को कीट के विभिन्न जीवन चरणों की व्यावहारिक पहचान, प्रभावित वृक्षों का वर्गीकरण तथा नियंत्रण के प्रभावी तरीकों का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया।

**प्रशिक्षण से होगी वन कर्मियों की क्षमता में वृद्धि**



इस प्रशिक्षण को सफल बनाने में प्रमुख मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक तपेश कुमार झा (रायपुर), निदेशक डॉ. नीलू सिंह जबलपुर, मुख्य वन संरक्षक श्रीमती एम. मर्सी बेला दुर्ग सर्कल, वन मंडलाधिकारी निखिल अग्रवाल (कवर्धा) तथा भारतीय वन शिक्षा संस्थान के वैज्ञानिकों की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों से वन कर्मियों की क्षमता में वृद्धि होगी और वे साल वनों को कीट प्रकोप से बचाने के लिए प्रभावी रणनीति लागू कर सकेंगे। इससे न केवल वनों के स्वास्थ्य और उत्पादकता में सुधार होगा, बल्कि लकड़ी की गुणवत्ता बढ़ेगी और आर्थिक नुकसान में भी कमी आएगी।

# ऑनलाइन स्व गणना पत्रक भरने का दिया गया प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला पंचायत कबीरधाम के सामान्य सभा की बैठक में जनगणना के लिए ऑनलाइन द्वारा स्व गणना पत्रक भरने की जानकारी सभी सदस्यों एवं जिला स्तरीय अधिकारियों को दी गई।

मास्टर ट्रेनर राजेश तिवारी ने ऑनलाइन मॉडल के माध्यम से मकानों की गणना किये जाने की चरणवार जानकारी दी। जिसमें मकान का विवरण, लेंटर युक्त मकान, बिजली व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, वाहन सुविधा जैसे विवरणों को दर्ज करने के विषय में बताया गया। परिवारों की गणना में मुखिया का विवरण, जाति, परिवार के सदस्यों की संख्या सहित अन्य जानकारी दर्ज करने का लाइव डेमोन्ट्रेशन प्रस्तुत किया गयां।

सभी को बताया गया कि ऑनलइन भरने की प्रक्रिया प्रातः 6.00 से रात्री 12.00 बजे तक की जा सकती है। तथा प्रत्येक परिवार से मुखिया द्वारा एक मोबाइल से ही लॉगइन किया जा सकता है।

ऑनलाइन स्व गणना और मकान संख्या के संबंध में जिला पंचायत सदस्य राम कुमार भट्ट एवं वीरेंद्र साहू द्वारा जानकारी चाही गई जिस पर शंकाओं का समाधान मास्टर ट्रेनर राजेश तिवारी द्वारा किया गया।